वी.यू. में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी के मुख्य आतिथ्य में वेटरनरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जबलपुर के अनुसूचित जाति के हितग्राहियों के लिए सुरक्षित मांस उत्पादन और उन से निर्मित मूल्य वर्धित उत्पाद पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अतिथि कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी ने अपने उद्बोधन भाषण में इस एकदिवसीय कार्यक्रम को युवाओ के लिए बहुत उपयोगी बताया जिससे वे सीख कर स्वरोजगार आरंभ सकते हैं। प्रतिभागियों हेतु प्रशिक्षण पुस्तिक का विमोचन मुख्य अतिथि तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्याख्यान द्वारा अच्छे मास की क्वालिटी की पहचान, मांस के सेवन से होने वाले रोग एवं बचाव, मांस में पाए जाने वाले पोषक तत्व आदि तथा प्रायोगिक में मांस निर्मित मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे चिकन कटलेट, चिकन नगेट्स आदि के बारे में विशेषज्ञ विभाग प्रभारी डॉ. पी.के. सिंह, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ. स्वाति तथा आयोजन सचिव डॉक्टर सुरभि यादव द्वारा जानकारी दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम आईसीएआर के राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र द्वारा वित्त पोषित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मधु स्वामी, डॉ. अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ सुनील नायक, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. भावना गुप्ता तथा अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुरभि यादव तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पी.के. सिंह द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.वि.वि.,जबलपुर